**Title: Need to start gauge conversion work of Gonda-Bahraich rail line and extend it up to Tikonia in Uttar Pradesh.**

**श्री पदमसेन चौधरी (बहराइच) :** महोदय, गोंडा से बहराइच तक छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदलने की बड़े समय से मांग की जा रही है। लेकिन अभी तक इस लाइन को बड़ी लाइन में नहीं बदला गया है। अतः गोंडा से बहराइच तक प्रतिदिन यात्रा करने वालों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। इस बारे में अनेक अभ्यावेदन भी दिये गये हैं पर अभी तक इस संबंध में कोई प्रगति नहीं हुई है। इस लाइन को बड़ी लाइन में न बदले जाने के कारण दैनिक यात्रियों का कीमती समय बरबाद होता है तथा उन्हें भारी कठिनाई होती है। यद्यपि इस लाइन का शिलान्यास 7 जून, 2002 को किया गया था और यह आश्वासन दिया गया था कि इस लाइन को शीघ्र ही बड़ी लाइन् में बदल दिया जाएगा, लेकिन अभी तक इस लाइन को बड़ी लाइन में बदलने का कार्य आरंभ नहीं हुआ है। अतः सरकार से अनुरोध है कि इस लाइन को शीघ्र ही बड़ी लाइन में बदल दिया जाए और इसका विस्तार मैलानी तक किया जाए ताकि इस लाइन् पर यात्रा करने वाले राहत की सांस ले सकें।